**खबर संक्षेप**

## कलेक्टर एवं उपायुक्त ने किया केन्द्रीय विद्यालय नैनपुर के प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण

**मण्डला।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा और उपायुक्त केन्द्रीय विद्यालय संगठन जबलपुर श्री एआर मीणा ने केन्द्रीय विद्यालय नैनपुर के लिए प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि प्रस्तावित स्थल के ऊपर के हाईटेंशन लाईन को व्यवस्थित रूप से शिफ्ट करें। साथ ही उन्होंने बोरवेल के पानी की जांच करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने नवीन सड़क निर्माण के प्रस्ताव के संबंध में चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने केन्द्रीय विद्यालय के स्थानीय रूप से संचालन हेतु एकीकृत नवीन माध्यमिक शाला नैनपुर का भी निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर ने कहा कि शाला परिसर में बालक, बालिकाओं के लिए पृथक-पृथक शौचालय हो तथा आवश्यकतानुसार मरम्मत कराएं। निरीक्षण के दौरान एसडीएम नैनपुर श्री हुनेन्द्र घोरमारे, सीईओ जनपद पंचायत श्री विनोद मरावी सहित संबंधित उपस्थित थे।

## रोजगार स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला (युवा संगम)

**मण्डला।** 21 जनवरी 2025 को प्रातः 11 बजे से नगरपालिका टाऊनहॉल मण्डला में जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, जिला रोजगार कार्यालय एवं शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, मण्डला द्वारा संयुक्त रूप से रोजगार स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला (युवा संगम) का आयोजन किया जा रहा है। मेले में प्रतिष्ठित कम्पनियां एवं विभाग सम्मिलित होंगे। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा स्वरोजगार के अवसर प्रदाय किये जायेंगे। आईटीआई एवं रोजगार विभाग द्वारा प्रतिष्ठित कम्पनियों में रोजगार, अप्रेंटिसशिप एवं सीखो कमाओ योजनातंर्गत रोजगार के अवसर प्रदाय किये जायेंगे। इस मेले में 8वी, 10वी, 12वी, आईटीआई, स्नातक पास सभी अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। चयनित अभ्यर्थियों को कम्पनियों के अनुसार मानदेय 10000 रूपये से 20000 रूपये तक दिया जायेगा।

**करोड़ों की लागत से हो रहा बैगा जनजाति के बच्चों के लिये छात्रावास का निर्माण**

# भ्रष्टाचार की भेट चढ़ा छात्रावास भवन





*** अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि बने मूकदर्शक।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/मवई

मामला मण्डला जिले के अंतिम छोर में बसे वनांचल मवई से कुछ मीटर की दूरी पर स्थित ग्राम बिलगांव मैं बन रहे अंग्रेजी बैगा बालक छात्रावास भवन का है।जहा ठेकेदार द्वारा नियमो को दरकिनार कर गुणवत्ताहीन भवन का निर्माण करवाया जा रहा है। करोड़ों की लागत से बन रहे इस अंग्रेजी बैगा बालक छात्रावास मैं स्थानीय नाले के काले मिट्टी युक्त रेत का उपयोग किया जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक ठेकेदार द्वारा रेत की रॉयल्टी कटवाई जा रही है। लेकिन आसपास कोई रेत खदान न होने के कारण आसपास के स्थानीय नाले के काली मिट्टी युक्त रेत का प्रयोग धड़ल्ले से किया जा रहा है।करोड़ों की लागत से बन रहे इस भवन मैं हाथ मैं दबाने से टूटने वाली ईट का प्रयोग किया जा रहा है। जानकारों का कहना है की इस तरह घटिया सामग्री से बन रही करोड़ों का छात्रावास जल्द ही जर्जर हो जायेगा।लोगो के द्वारा मांग की जा रही है की बन रहे इस भवन का निर्माण गुणवत्ता पूर्वक कराया जाए। जिसका उपयोग लंबे समय तक किया जाए।

### मिट्टी युक्त रेत और खराब ईट का हो रहा धडल्ले से उपयोग

पक्के निर्माण में सीमेंट और रेत और ईट की अहम भूमिका होती है सीमेंट ईट और रेत की गुणवत्ता ही किसी निर्माण की उम्र एवम गुणवत्ता निर्धारित करती है। मवई के निर्माणाधीन बैगा बालक छात्रावास भवन में स्थानीय व नालों की अवैध मिट्टी युक्त रेत का प्रयोग एवम हाथ में दबाने से टूटने वाले ईट का उपयोग भवन निर्माण में किया जा रहा जबकि करोड़ों की लागत से निर्मित इस भवन में उच्च गुणवत्ता युक्त रेत एवं ईट का प्रयोग किया जाना चाहिए था। ताकि लंबे समय तक भवन सुरक्षित एवम मजबूती से खड़ी रहे किंतु कुछ पैसे बचाने के लिए ठेकेदार द्वारा गुणवत्ता विहीन सामग्री का उपयोग कर क्षेत्र वासियों के साथ ठगी की जा रही है। क्षेत्र के जिम्मेदार जन प्रतिनिधि एवम आला अधिकारी इस भ्रष्टाचार में मुक सहमति दे रहे है जो क्षेत्र के लिए चिंता का विषय है।

### मजदूरों के सुरक्षा के नहीं है कोई इंतजाम

करोड़ों की लागत से निर्माणाधीन भवन में कार्य कर रहे मजदूरों के पास किसी भी प्रकार की सेफ्टी व्यवस्था संबंधित उपकरण निर्माण एजेंसी द्वारा नहीं दी गई है अगर दी भी गई है तो वह दिखाई नहीं दी। भवन निर्माण के काम में लगे सभी श्रमिक बिना सेफ्टी के ही काम करते हुए नजर आए सवाल तो यहां यह भी उठना है की उक्त भवन निर्माण कार्य में लगी एजेंसी को श्रमिकों की तनिक भी परवाह नहीं है या फिर यह कहा जाए की निर्माण एजेंसी भवन निर्माण का कार्य अपने मनमाफे कार्य कर रही है जिस पर कोई अंकुश लगाने वाला नहीं है जिस वजह से श्रमिकों के साथ भी निर्माण एजेंसी द्वारा लापरवाही बरती जा रही है खैर अब देखना यह होगा कि उक्त निर्माण अधीन भवन पर जिम्मेदारों की नजर पड़ती है या मजदूरों के साथ ऐसे ही आगे भी मौजूदा निर्माण एजेंसी द्वारा किया उनकी जान के साथ खिलवाड़ किया जाता रहेगा।

### नही रहता कोई तकनीकी अमला

निरीक्षण के दौरान देखा गया कि वहां पर विभागीय शासकीय अधिकारी का कोई भी जिम्मेदार या शासकीय तांत्रिकी तकनीकी अमला मौजूद नहीं पाया गया। और ना ही कोई ऐसा मिला जो यह बता सके कि वहां बन रहे क्रांकिट सीमेंट मसाला का मापदंड क्या है साथ ही सीमेंट में काली रेट डस्ट गिट्टी की मात्रा जैसी अहम जानकारी देने वाला वहां पर कोई भी जिम्मेदार व्यक्ति उपस्थित नहीं मिला इससे अंदाजा लगाया जा सकता है की निर्माणअधीन बालक छात्रावाश भवन मैं कितना घटिया और गुणवत्ताहीन कार्य कराया जा रहा है इतने बड़े निर्माण कार्य में जिम्मेदार अधिकारी निगरानी रखने के बजाय गायब हैं।

### इनका कहना है:-

*मिट्टी युक्त रेत सहित गुणवत्ताहीन निर्माण सामग्री का उपयोग ठेकेदार द्वारा किया जा रहा है साथ मजदूरों को भी उचित मजदूरी नहीं दी जा रही है गुणवत्ताहीन निर्माण की जांच होनी चाहिए।*

***संजू बोरिया***
***क्षेत्रीय जनपद सदस्य एवं सभापति निर्माण समिति***

*भवन निर्माण मैं बिना मापदंडों के मिट्टी युक्त रेत और खराब ईट से गुणवत्ताहीन निर्माण करवाया जा रहा है।जिसकी जांच की जानी चाहिए।वही मजदूरों के सुरक्षा के कोई इंतजाम भी ठेकेदार द्वारा नही किया गया है।*

***पुरषोत्तम साहू***
***स्थानीय युवा***





## उत्तरवाहिनी नर्मदा परिक्रमा की तिथियाँ हुई निर्धारित



*** माँ नर्मदा उत्तरवाहिनी परिक्रमा सेवा समिति की आयोजित हुई बैठक।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

चैत्र माह में आयोजित होने वाली माँ नर्मदा उत्तरवाहिनी परिक्रमा के आयोजन को लेकर कल जनपद पंचायत मण्डला के सभागार में आयोजन समिति की बैठक आयोजित की गई बैठक में आयोजन को लेकर समिति सदस्यों एवं नर्मदा भक्तों ने अपने-अपने विचार रखे सभी के सुझावों को सुना गया और अंत में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि वर्ष 2025 में उत्तरवाहिनी नर्मदा परिक्रमा का सामूहिक रूप से परिक्रमा दो तिथियों में की जायेगी जैसा कि सभी को विदित है कि हमारे यानि उत्तर भारत में चैत्र माह जहां होली के दूसरे दिन से ही प्रारंभ हो जाता है यानि पूर्णिमा के बाद दूसरे माह की शुरूआत होती है तो वहीं दक्षिण में शुक्ल पक्ष से माह प्रारंभ माना जाता है। यानि अमावस्या के बाद जो प्रतिप्रदा आती है वह माह का प्रारंभ होता है इस नियम के चलते उत्तर भारत के चैत्र माह के 15 दिन बाद दक्षिण भारत का चैत्र माह प्रारंभ होगा। ज्ञात हो कि उत्तरवाहिनी नर्मदा परिक्रमा में पुण्य लाभ कमाने दक्षिण भारत के भी बहुत बड़ी संख्या में नर्मदा भक्त मण्डला आते हैं लिहाजा उनकी सुविधा को देखते हुये भी तिथियों का चयन किया गया है पहली सामूहिक नर्मदा परिक्रमा मार्च माह में 27 एवं 28 मार्च को आयोजित होगी 27 मार्च से प्रारंभ होकर यह परिक्रमा 28 मार्च को संपन्न होगी यह तिथि 30 मार्च से चैत्र नवरात्र प्रारंभ हो रही है इसको ध्यान में रखते हुये तय की गई है एवं दूसरी सामूहिक परिक्रमा 19 एवं 20 अप्रैल को आयोजित की जायेगी यह परिक्रमा 19 अप्रैल को प्रारंभ होकर 20 अप्रैल को संपन्न होगी। पहली सामूहिक परिक्रमा का आयोजन गुरूवार एवं शुक्रवार किया जा रहा है ताकि स्थानीय व्यापारी वर्ग के लोग भी इस सामूहिक परिक्रमा में पुण्य लाभ अर्जित कर सकें एवं दूसरी सामूहिक परिक्रमा 19 एवं 20 अप्रैल को शनिवार एवं रविवार को आयोजित हो रही है यह परिक्रमा महाराष्ट्र एवं दूसरे प्रदेशों से आने वाले भक्तों की सुविधा को देखते हुये तय की गई है ताकि शनिवार एवं रविवार का अवकाश उनकी यात्रा समय में सहयोगी हो सके।

परिक्रमा का पथ जो पहले से तय रहा है वही रहेगा बाल भोग एवं भोजन की व्यवस्थायें भी कहां-कहां होंगी वह भी पहले की तरह ही फिलहाल तय किया गया आगे जैसा मैया चाहेगी वैसा ही होगा और इन सबकी सूचना लगातार विभिन्न माध्यमों से सभी नर्मदा भक्तों को दी जाती रहेगी। परिक्रमा के दौरान जो भी नर्मदा भक्त सेवा में सहयोग करने के इच्छुक हैं वे आयोजन समिति से सम्पर्क कर सकते हैं।

### प्रहलाद पटैल का 18 जनवरी को मंडला आगमन प्रस्तावित

**मण्डला।** जिला प्रोटोकॉल ऑफीसर मंडला से प्राप्त जानकारी के अनुसार 18 जनवरी 2025 को रानीदुर्गावती स्नातकोत्तर महाविद्यालय मण्डला के ऑडिटोरियम में प्रधानमंत्री द्वारा स्वामित्व योजना के अंतर्गत स्वामित्व के सम्पत्ति कार्ड के इलेक्ट्रॉनिक रूप से वितरण किए जाने के कार्यक्रम में श्री प्रहलाद पटैल मंत्री पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्रालय भोपाल का आगमन प्रस्तावित है।

## सड़क सुरक्षा सप्ताह का हुआ शुभारंभ......



**मण्डला।** नेहरू युवा केंद्र मंडला एवं जिला पुलिस प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में जिला कलेक्टर श्री सोमेश शुक्ला तथा पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के कुशलता मार्गदर्शन में नेहरू का केंद्र मंडला (युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय भारत सरकार) के तत्वावधान में श्री ललित धुर्वे यातायात थाना प्रभारी,श्री सी आर जंघेला कार्यक्रम पर्यवेक्षक नेहरू युवा केन्द्र मंडला के कुशलतम नेतृत्व में नेहरू युवा केंद्र मंडला के स्वयंसेवकों एवं शासकीय जगन्नाथ उत्कृष्टता विद्यालय मंडला की प्राचार्य एवं शिक्षक श्री प्रवीण अग्रवाल के सहयोग से आज मंडला सड़क सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ किया गया इस अवसर पर सड़क सुरक्षा जन जागरूकता रैली नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए यातायात के नियमों का पालन करने के नारे तख्ती के साथ छात्र-छात्राओं ,नेहरू युवा केंद्र मंडला के स्वयंसेवकों की भागीदारी रही इस अवसर पर यातायात प्रभारी श्री ललित धुर्वे के द्वारा ट्रैफिक नियमों की जानकारी देते हुए बताया गया कि सड़क सुरक्षा सप्ताह निरंतर जारी रहेगा जिसमें वाहन चालकों को हेलमेट लगाने यातायात के नियमों का पालन करने तथा स्वयं को और अपने परिवार को सुरक्षित रखने के लिए अपील की गई सभी ने इसका संकल्प लिया इस कार्यक्रम के माध्यम से यह बताने का प्रयास किया जा रहा है कि यातायात के नियमों का हमें पालन करना है और इसका अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करें ताकि लोगों की जान सुरक्षित रहे इस अवसर पर है यातायात थाना के सभी स्टाफ नेहरू युवा केन्द्र मंडला का स्टाफ एवं युवा मंडल महिला मंडल के सदस्यों की भागीदारी रही।

**अंधेरगर्दी** | **वन विभाग के कर्मचारी लगे अधिकारियों की सेवा में लगातार कट रहे पेड़।**

# हरे-भरे सागौन के पेड़ों की हो रही अधाधुंध कटाई

*** पर्यावरण का दुश्मन बना जिले का वन विभाग।**





हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

मण्डला जिले के मण्डला पश्चिम सामान्य वन मंडल के बकौरी और खारी निवास सड़क के बीच के जंगलों में सागौन के 12 हरे-भरे पेड़ों की बेरहमी से कटाई का मामला सामने आया है। यह घटना वन विभाग की लापरवाही और जंगलों की सुरक्षा में गंभीर चूक को उजागर करती है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, इन जंगलों में कीमती इमारती लकड़ी के लिए पेड़ों की अवैध कटाई बड़े पैमाने पर हो रही है, जबकि वन विभाग का अमला कुंभकरणी नींद में सो रहा है।

### जंगल माफिया सक्रिय, वन विभाग नाकाम

इस इलाके में बड़े पैमाने पर हो रही जंगल की कटाई से यह स्पष्ट होता है कि जंगल माफियाओं ने वन विभाग की निष्क्रियता का पूरा लाभ उठाया है। बकौरी-खारी निवास सड़क पर सागौन के पेड़ों की कटाई यह दर्शाती है कि जंगलों की देखभाल करने वाले अधिकारी और कर्मचारी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने में असफल हो रहे हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि वन विभाग की गश्त पूरी तरह से नदारद है, जिसके चलते माफिया बिना किसी डर के हरे-भरे कीमती पेड़ों को काटकर मंहगे दामों पर बेच रहे हैं।

### प्राकृतिक संपदा का हो रहा विनाश

मध्यप्रदेश सरकार और प्रशासन जहां वृक्षारोपण और जंगलों के संरक्षण के लिए लाखों रुपये खर्च कर रही है, वहीं वन विभाग की उदासीनता के कारण मंडला के जंगल लगातार उजड़ रहे हैं। बकौरी और खारी के बीच की घटना यह दर्शाती है कि जब वन विभाग मुख्यालय के नजदीक के जंगल सुरक्षित नहीं हैं, तो दूरदराज के ग्रामीण इलाकों के जंगलों का क्या हाल होगा।

### आरोप और प्रशासन की उदासीनता

स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में तैनात वन विभाग के अधिकारी समय पर गश्त नहीं कर रहे हैं। वन विभाग की लापरवाही और भ्रष्टाचार के चलते जंगल माफिया बिना किसी डर के कीमती लकड़ियां काट रहे हैं। जंगल के पेड़ों की कटाई से न केवल पर्यावरण को नुकसान हो रहा है, बल्कि जंगलों पर निर्भर वन्यजीवों का भी जीवन संकट में है।

### सरकार और प्रशासन से सवाल

वन विभाग की गश्त और सुरक्षा में इतनी बड़ी चूक कैसे हुई? हरे-भरे सागौन के पेड़ों की कटाई की जानकारी स्थानीय प्रशासन और उच्च अधिकारियों को क्यों नहीं दी गई? क्या जंगलों की सुरक्षा के लिए जिम्मेदार अमले को उनके कर्तव्यों का निर्वहन न करने पर जवाबदेह ठहराया जाएगा?

### लोगों ने सौंपा ज्ञापन

जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया क्षेत्रीय लोगों का कहना है दोषी कर्मचारियों पर कठोर कार्यवाही की जाए कठोर कार्यवाही न करने पर उग्र आंदोलन किया जाएगा जिसकी पूर्ण जवाबदारी वन विभाग के अधिकारियों की होगी। जंगलों की सुरक्षा के लिए विशेष टीम गठित की जाए और गश्त को नियमित किया जाए।

### इनका कहना है:-

*मुझे इस मामले की पूरी जानकारी है दोषी कर्मचारियों पर शीघ्र दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।*

***वन परिक्षेत्र अधिकारी मंडला***

## सत्ता के लिए भाजपा ने किसानों से किया धोखा किसानों के न्याय की लड़ाई लड़ रही है कांग्रेस



*** बिछिया विधानसभा के ग्राम मांद में 22 को आयोजित होगा किसान न्याय आंदोलन।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

किसानों को धान का समर्थन मूल्य 3100 रूपए और गेंहू का समर्थन मूल्य 2700 रूपए देने की भाजपा की घोषणा सरकार बनने के 13 महीने बाद भी पूरी नहीं हो पाई है। इसे लेकर प्रदेश के किसानों में भारी नाराजगी है।इस विषय को लेकर कांग्रेस पार्टी सड़क से लेकर सदन तक किसानों के न्याय की लड़ाई लड़ रही है। इसी क्रम में बिछिया विधानसभा के विधायक नारायण सिंह पट्टा के नेतृत्व में दिसंबर 2024 से किसान न्याय महाभियान प्रारम्भ किया गया है। जिसके प्रथम चरण में ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों ने अलग अलग तिथियों में प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपे और घोषित समर्थन मूल्य देने की माँग की। इसके बाद दूसरे चरण में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने धान खरीदी केंद्रों में किसानों को पम्पलेट देकर समर्थन मूल्य की लड़ाई लड़ने की जानकारी दी एवं गांव-गांव पहुंचकर किसानों से किसान न्याय अधिकार पत्र भरवाये हैं। बिछिया विधानसभा में अबतक 25000 से अधिक किसान न्याय अधिकार भरे जा चुके हैं। कुल 30400 किसान न्याय अधिकार पत्र भरवाये जाने का लक्ष्य रखा गया है। इन सभी किसान अधिकार पत्रों को 22 जनवरी को आयोजित हो रहे किसान न्याय आंदोलन में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष को सौंपा जायेगा जिसे मुख्यमंत्री तक भेजा जायेगा। महाभियान के तीसरे चरण में बिछिया विधानसभा के अंजनियां के समीप ग्राम मांद में 22 जनवरी को किसान न्याय आंदोलन का आयोजन किया जा रहा है जिसमें जिले भर से लगभग 10 हजार किसान पहुंचने वाले हैं। इसी विषय को लेकर शुक्रवार को जिला मुख्यालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई जिसमें बिछिया विधायक नारायण सिंह पट्टा, निवास विधायक चैन सिंह वरकड़े, जिला कांग्रेस प्रभारी श्रीमती किरण अहिरवार, जिला कांग्रेस अध्यक्ष एड राकेश तिवारी, पूर्व विधायक डॉक्टर अशोक मर्सकोले सहित अन्य कांग्रेस नेता उपस्थित रहे। कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस नेताओं ने बताया कि भाजपा ने सत्ता के लिए किसानों से धोखा किया है, चुनाव के समय इन्होने घोषणा की थी कि धान का समर्थन मूल्य 3100 रूपए प्रति क्विंटल और गेंहू का समर्थन मूल्य 2700 रूपए प्रति क्विंटल दिया जायेगा लेकिन आज 13 महीने बाद भी किसानों को घोषित समर्थन मूल्य नहीं मिला है। इसी कि लड़ाई कांग्रेस पार्टी सड़क से लेकर सदन तक लड़ रही है।

### दिग्गज नेताओं का होगा आगमन

बिछिया विधानसभा के ग्राम मांद में आयोजित हो रहे किसान न्याय आंदोलन में कांग्रेस के दिग्गज नेताओं का आगमन हो रहा है। जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव, पूर्व कैबिनेट मंत्री सज्जन सिंह वर्मा, उपनेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे, युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष मितेंद्र दर्शन सिंह, एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे सहित कांग्रेस के 25 से अधिक विधायक सम्मिलित हो रहे हैं। इस वृहद आंदोलन को लेकर तैयारियां जोर शोर से की जा रही हैं। यह पहली बार है जब मंडला में इतनी बड़ी संख्या में कांग्रेस के नेतागण पहुंच रहे हैं। बिछिया विधायक नारायण सिंह पट्टा ने जिले के किसानों से अधिक से अधिक संख्या में इस आंदोलन में सम्मिलित होने की अपील की है।

## खबर संक्षेप

### विकासखंड प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट की बैठक संपन्न



**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** विकास खंड साईंखेड़ा के जनपद शिक्षा केंद्र में बीपीएमयू बैठक का आयोजन किया गया। बताया जाता है कि इस बैठक को संबोधित करते हुए बीआरसी संदीप स्थापक ने जाति प्रमाण पत्र संबंधित फाइल शीघ्रता से लोक सेवा केंद्र में जमा कराने के साथ साथ अपार आईडी निर्माण कार्य तत्परता से पूर्ण करने तथा यू डाइस पोर्टल एंट्री पूर्ण करने के निर्देश दिए गये। वही बीएसी मनीराम मेहरा एवं पवन राजोरिया ने आरएसके पोर्टल पर पांचवी आठवीं के विद्यार्थियों का रजिस्ट्रेशन पूर्ण करने, गणतंत्र दिवस पर विशेष भोज, जन शिक्षा केंद्र स्तरीय गुणवत्तापूर्ण शैक्षिक संवाद के आयोजन, एफएलएन मेंटरिंग, शाला मॉनिटरिग के निर्देश दिए। इस बैठक में जनशिक्षकों, एमआईएस वेद प्रकाश राजपूत की उपस्थिति रही।

### दूसरों की जिन्दगी को भी पहुंचाते हैं खतरा, प्रशासन की चुप्पी पर खड़े हो रहे सवाल



**सांईखेड़ा।** जहां एक ओर आये दिन पुलिस प्रशासन द्वारा यातायात में सुधार लाने की बात को लेकर चालानी कार्यवाही करते हुये देखा जाता है, जिसमें अनेक इस प्रकार के लोगों के खिलाफ भी पुलिस द्वारा अपनी चालानी कार्यवाही करने से नही चूकती है जो किसी भूलवस अपने वाहनों के जरूरी कागज घरों पर भूल जाते है और उन्हें पुलिस की इस कार्यवाही का शिकार होना पड़ता है? मगर यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो पुलिस द्वारा उन लोगों को पूर्णरूप से नजर अंदाज कर दिया जाता है जो एक बाइक पर तीन की जगह खुलेआम चार चार लोग बैठते हुये जहां यातायात नियमों की धज्जिया तो उडाते हुये देखे ही जाते है साथ ही साथ अपनी व दूसरों की जिन्दगी को खतरा पैदा करने से नही चूकते है? इस बात की सच्चाई बीते दिवस नगर के मुख्य बाजार में उस समय देखने मिली जब एक बाईक पर चार लोग बैठते हुये पुलिस थाने के ठीक सामने से निकलकर बाजार तक पहुंच गये पर पुलिस द्वारा इनके खिलाफ कार्यवाही करने की बात तो दूर उन्हें रोककर हितायद देना भी जरूरी नही समझा? अब सबाल यह पैदा हो रहा है कि यदि इस प्रकार के वाहनों के माध्यम से कोई सड़क घटना घटित हो जाती है तो उसका जिम्मेदार कौन होगा? क्योंकि इस प्रकार से वाहनों के संचालन को पुलिस प्रशासन द्वारा नजर अंदाज किये जाने का परिणाम है कि वाहन चालक खुद के साथ साथ दूसरों की जिन्दगी को भी खतरा पैदा करने से नही चूक रहे है, मगर इसके भी पुलिस द्वारा इस सच्चाई को जिस प्रकार से नजर अंदाज किया जा रहा है उसके चलते आये दिन सड़क दुर्घटनाएं घटित होना आम बात होता जा रहा है?

# मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने किया चीचली में उप तहसील भवन का लोकार्पण









**अब किसानों को अपने कार्यो के लिये गाडरवारा भटकने के लिये नहीं होना पड़ेगा मजबूर, सरकार जनता के हित में विकास के कार्य कर रही है- मंत्री उदय प्रताप**

**हरिभूमि न्यूज/ चीचली।** अपने विधान सभा क्षेत्र में विकास की गति को आगे की ओर बढ़ाने में क्षेत्र के विधायक व प्रदेश के कैविनेट मंत्री राव उदय प्रताप सिंह कोई कसर नही छोड़ रहे है। इसी का परिणाम है कि गाडरवारा क्षेत्र में किसानों को किसी तरह से परेशानी का सामना करने के लिये मजबूर न होना पड़े इसी के चलते कुछ माह पहले गाडरवारा में जहां एसडीएम नये भवन के बाद अब चीचली क्षेत्र के लिये तहसील कार्यालय भवन की सौगत प्रदान की गई है। बीते हुये दिवस प्रदेश के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने गाडरवारा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली चीचली में एक करोड़ 24 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित उप तहसील भवन का लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने नवनिर्मित उप तहसील भवन का जायजा भी लिया। वही कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने नवनिर्मित उप तहसील भवन का लोकार्पण होने पर सभी को बधाई दी। इस दौरान उन्होंने बताया कि नवनिर्मित उप तहसील भवन में कोर्ट, सीसीटीव्ही कैमरे और अन्य सुविधायें मुहैया कराई गई हैं। नया भवन बन जाने से अधिकारी- कर्मचारियों से लेकर क्षेत्र के किसानों और अन्य लोगों को सहूलियत होगी। क्योंकि प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में सरकार जनता के हित में विकास के कार्य लगातार कर रही है और सरकार की सोच है कि हमारे किसानों को किसी तरह की परेशानी का साकना न करना पडे इसी के चलते आज चीचली क्षेत्र के लिये यह सौगात प्रदान की गई है। क्योंकि पहले देखा जाता था कि चीचली क्षेत्र के किसान बिजली व अन्य कार्यो के लिये चीचली आते थे और राजस्व संबंधी कार्यो के लिये गाडरवारा भटकना पड़ता था। मगर अब यहां पर उप तहसील भवन बनने से तहसील संबंधी सभी कार्य यहां से संपादित होने लगगे तो गाडरवारा भटकने की जरूरत नही पडेग़ी। इस मौके पर मंत्री सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा नीति बनाकर औद्योगिकीकरण विकास व उद्योग के माध्यम से रोजगार के साधन बढ़े, इसके लिए कार्य कर रहे हैं। इस दौरान उन्होंने बताया कि गाडरवारा शहर में करोड़ों रुपये के निर्माण कार्य चल रहे हैं। गाडरवारा में संयंत्र स्थापित करने वाले हैं, जो शहर के गंदे पानी को स्वच्छ करेगा। प्रदेश सरकार नौजवानों के लिए खेल संसाधन, स्टेडियम और इंडोर स्टेडियम बना रहे हैं। सरकार बच्चों को बेहतर से बेहतर शिक्षा देने का काम कर रही हैं। चीचली व बम्होरी कलां में करोड़ों रुपये की लागत से सीएम राइज स्कूल का भवन बनाया जायेगा, जिससे यहां के बच्चे बेहतर शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे। सांईखेड़ा में लगभग 45 करोड़ रुपये की लागत से सीएम राइज स्कूल बनकर तैयार हो गया है। वही दूसरी ओर देश के प्रधानमंत्री नरेश मोदी के नेतृत्व में हर क्षेत्र में हमारा देश आगे बढ़ रहा है। कृषि के क्षेत्र में लगातार सरकार द्वारा विकास के कार्य कर रहे हैं। सरकार लगातार कृषि के क्षेत्र में उद्योग लगाने का काम कर रही है। वही किसानों भाईयों को बिजली की व्यवस्था बेहतर हो इसके लिए ट्रांसफार्मर, स्टेशन आदि में कार्य चल रहा है। इस दौरान उन्होंने बताया कि केन्द्र सरकार द्वारा किसानों के हित में सोलर पम्प लगाकर देगी। इससे किसानों को बिजली भरपूर मिलेगी। आमजन को संबोधित करते हुये राव उदय प्रताप सिंह ने कहा कि देश के विकास में सभी की भूमिका है। समाज के सहयोग से गौशालाओं का संचालन किया जायेगा, इस पर सरकार काम कर रही है। इस अवसर पर पूर्व विधायक श्रीमती साधना स्थापक व नरेश पाठक, कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले, पुलिस अधीक्षक श्रीमती मृगाखी डेका, अपर कलेक्टर श्रीमती अंजलि शाह, एसडीएम श्रीमती कलावती ब्यारे, उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा, मिनेंद्र डागा, पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष मुकेश मरैया, जिला पंचायत सदस्य योगेश कौरव, भाजपा पिछडा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष संदीप सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा, सालीचौका से राम नारायण बडकुर सहित अन्य लोग मौजूद थें। इस के आलवा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह द्वारा समीपस्थ ग्राम बरेली कठोतिया में भी अनेक विकास कार्यो का भूमि पूजन किया गया।

## निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक में बोले मंत्री सिंह, निर्माण कार्य बेहतर गुणवत्तापूर्ण तरीक़े से निर्धारित समय सीमा में पूर्व हो चाहिये



**गाडरवारा।** प्रदेश के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह की अध्यक्षता में अनुभाग स्तरीय निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक शुक्रवार को स्थानीय तहसील कार्यालय के सभागार में संपन्न हुई। बताया जाता है कि इस बैठक में मंत्री सिंह ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि देतपोन, निमावर एवं कल्याणपुर ग्रामों में चल रहे निर्माण कार्यों में गुणवत्ता की जांच के लिए समिति गठित कर जांच की जावे। वही महाविद्यालय के भवन निर्माण कार्य के लिए चिन्हित भूमि में अतिक्रमणकर्ताओं को भूमि चिन्हित कर पट्टे प्रदाय किये जावे अथवा अन्यत्र स्थापित कर आवास योजनांतर्गत लाभ प्रदाय किया जाये। वही दूसरी ओर नगर के गर्ल्स स्कूल के अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए एंजेसी परिवर्तन कर नगरपालिका को सौंपना प्रस्तावित किया गया। बैठक में मंत्री सिंह ने निर्देश देते हुए कहा कि ग्राम नांदनेर- मिढ़वानी मार्ग की गुणवत्ता की जांच अच्छी तरह से की जावे तथा नांदनेर- मिढ़वानी मार्ग पर साईन बोर्ड लगाये जाये। वही दूसरी ओर क्षेत्र में मरम्मत के लिए लंबित मार्गों की सूची एवं जारी दस्तावेज उपलब्ध कराये जायें। सभी कार्यों में निरंतर फॉलोअप लेकर कार्यों को पूर्ण कराया जावे। ग्रामीण यांत्रिकी सेवा ने बताया कि 15 सामुदायिक भवन है, जिसमें 4 प्रारंभ नहीं हुये हैं व भिमलाढाना में वन भूमि होने से कार्यवाही प्रचलनशील है। इसको लेकर मंत्री सिंह ने कहा कि ढुरसुरू, धनौरा में अनुविभागीय राजस्व अधिकारी स्वयं भ्रमण कर जांच करें। तूमड़ा व बम्हौरी कलां में ठेकेदार के काम नहीं करने पर टेण्डर निरस्त करने के निर्देश दिये। वही दूसरी ओर अनुविभागीय राजस्व अधिकारी कार्यो की गुणवत्ता की जांच कर अवगत करायें। इसके लिए समिति गठित कर जांच की जावे। इस दौरान उन्होंने ग्राम मोहपानी- बड़ागांव में निर्माण कार्य में आ रही परेशानियों का त्वरित निराकरण करने के भी निर्देश बैठक में दिये। देवरी- बनवारी एवं पिठहरा में आ रही शिकायतों को एसडीएम स्वयं निरीक्षण कर निराकरण करें। इसी प्रकार से जंगल क्षेत्र के रानीधार- इकलौनी के निर्माण कार्य को पर्यटन के उद्देश्य से विकसित किया जावे, इसके लिए पर्यटन टीम द्वारा जांच कराये जाना प्रस्तावित किया गया। बैठक के दौरान उन्होंने निर्देश दिये कि सांईखेड़ा, तूमड़ा, संसारखेड़ा, सिरसिरी में ठेकेदार द्वारा काम नही करने पर ब्लैकलिस्ट किया जावे। वही दूसरी ओर मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने गाडरवारा में तालाब का कार्य अत्यंत धीमा होने पर ड्रांडिग इश्यू को जल्द से जल्द निराकरण करने निर्देशित किया। सालीचौका में साप्ताहिक बाजार से यातायात बाधित होने की समस्या का निराकरण हो इसके लिए अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही करने के निर्देश देते हुये कहा कि इसके लिए उन्होंने एसडीएम, सीएमओ व जनप्रतिनिधियों के समन्वय से कार्य पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि लंबित कार्यों की सूची उपलब्ध करायें। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को निर्देश दिये कि काम न करने की स्थिति में आरआरसी जारी कर वसूली की कार्यवाही की जावे। इस बैठक में भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य मिनेन्द्र डागा, पूर्व विधायक श्रीमती साधना स्थापक,नगरपालिका परिषद गाडरवारा अध्यक्ष श्री शिवाकांत मिश्रा, पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष मुकेश मरैया, जिला पंचायत सदस्य डा योगेश कौरव, राव संदीप सिंह के आलवा अनुविभागीय अधिकारी कलावती व्यारे, उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा, तहसीलदार प्रियंका नेताम, नगर निरीक्षक विक्रम रजक, मुख्य नगर पालिका अधिकारी वैभव देशमुख, सभी विभागगों के अधिकारी- कर्मचारी, जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

## सफाई के प्रति जागरूकता जरूरी है - पं.शिवाकांत





**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** नगर की सफाई व्यवस्था को दुरस्त करने के लिये बीते हुये दिवस नपा अध्यक्ष पं शिवाकांत मिश्रा के निर्देश, सीएमओ वैभव देशमुख के मार्गदर्शन में नपा की स्वच्छता टीम द्वारा नगर के सभी वार्डों में विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। इसके साथ ही नगर पालिका की स्वच्छता सर्वेक्षण टीम द्वारा नागरिकों साफ-सफाई के प्रति जागरूक किया जा रहा है। जिसके तहत बीते हुये शुक्रवार को नगर पालिका परिषद की स्वच्छता सर्वेक्षण टीम द्वारा पतंग उडाकर स्वच्छता का संदेश दिया पतंग पर गाडरवारा को स्वगच्छ बनाने की अपील नगरवासियो से की गई। वही नपा अध्यक्ष एवं सीएमओ ने नागरिकों से अपील की है कि कचरा यहां वहां न फेंके घर से निकलने वाले कचरे को डस्टबिन में संग्रहित करें और नपा की कचरा गाडी का इंतजार करें। वही कचरा संग्रहण वाहन आने पर कचरा वाहन में डाले जिससे आसपास गंदगी नहीं फैलेगी और संक्रामक बीमारियां और मच्छरों से निजात मिलेगी। इसके साथ ही यदि कचरा संग्रहण वाहन आपके घर के पास नहीं पहुंच रहा है तो नपा को सूचित करे। नगर मे स्वच्छता रहे, कही गंदगी न हो और गाडरवारा शहर स्वच्छता मे नंबर 1 बने यही हमारी प्राथमिकता है।

## अपने वार्ड की समस्याओं को लेकर पार्षद खटीक द्वारा नपा अध्यक्ष के साथ मंत्री से मुलाकात करते हुये रखा मांग पत्र



**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि नगर पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष व वर्तमान पार्षद कमल खटीक से आम लोगों की समस्याओं से निजात दिलाने की जो सोच रही है उसी का परिणाम है कि वह जिस भी वार्ड में पहुंचते है वहां पर अपना परचम लहराते हुये लोगों के दिलों में छाते हुये देखे जाते है। इसी का परिणाम है कि वह नगर के विवेकानंद वार्ड के बाद अब राजेन्द्र बाबू वार्ड में विकास की गति को चार चांद लगाने में पीछे दिखाई नही दे रही है। इस तरह अपने वार्ड की समस्याओं के निदान तथा जरूरी निर्माण कार्यो की मांग करने के लिये पार्षद कमल खटीक नगर पालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा के साथ क्षेत्र के विधायक व प्रदेश के कैबिनेट मंत्री राव उदय प्रताप सिंह के पास पहुंचकर अपने वार्डो के विकास कार्य संबंधी मांग पत्र सौपा गया। राजेन्द्र बाबू वार्ड पार्षद कमल खटीक द्वारा अपने वार्ड में विकास कार्यो की मांग करते हुये सौपे गये मांग पत्र में उल्लेखित किया गया है कि राजेन्द्र बाबू वार्ड स्थित ओशो आश्रम से लेकर आंगनबाडी भवन तक सी सी रोड निर्माण तथा वार्ड के पुराना सामुदायिक भवन से लेकर इमलिया टोला होते हुये शमशान घाट तक सीसी रोड सहित राजेन्द्र बाबू वार्ड में खेल मैदान शासकीय भूमि पर मौजा इमालिया के खसरा क्रमांक 192/1, 192/2 कुल रकवा 3.0104 है. पर खैल मैदान निर्माण, वही राजेन्द्र बाबू वार्ड के अंतर्गत इमालिया शमशान घाट का सौन्दर्य करण बाउण्डरीबाल का निर्माण कार्य तथा श्रद्वाजंलि सभा हेतु सभागार, अंतेष्टी की लकडी रखने के लिये कक्ष तथा शव यात्रा में जाने वाले लोगों के लिये पानी उपलब्ध कराने के लिये हेण्ड पर निर्माण की जरूरत है। इस तरह अपने वार्ड के लिये नपा अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा के साथ वार्ड पार्षद कमल खटीक द्वारा मंत्री के समक्ष रखी गई मांगों पर उन्होने पूर्ण कराये जाने का भरोसा दिया गया। इस तरह राजेन्द्र बाबू वार्ड पार्षद कमल खटीक द्वारा जिस तरह अपने वार्ड के विकास को लेकर सोच रखी जा रही है उस पर भी प्रसन्नत जाहिर की गई। इस दौरान नपा अध्यक्ष शिवकांत मिश्रा, पार्षद कमल खटीक के साथ वार्ड के महेश पटैल, मुकेश शर्मा, विनय पटैल, नीतेश कौरव, उत्कर्ष पटैल, मंजू मरैया, रंजीत पटैल, अंकित कौरव के आलवा अन्य लोग भी मौजूद थें।

## मासूम पेट की खातिर चल रहे है रस्सियों पर, शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं पर लग रहा प्रश्न चिन्ह?



**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** जहां एक ओर शासन द्वारा बच्चों के हितों को ध्यान में रखते हुए जिस प्रकार से योजनाएं चलाई जा रही है, यदि उन योजनाओं को सही रूप से अधिकारियों द्वारा अमली जामा पहनाये जाने लगे तो निश्चित तौर से मासूम बच्चों का भविष्य बदल सकता है? मगर जिस स्थिति में इस समय मासूम बच्चों को देखा जा रहा है उसे सच्चाई पर गौर किया जावे तो शासन द्वारा चलाई जा रही संपूर्ण योजनाओं पर प्रश्न चिन्ह लगता हुआ जान पड़ रहा है? वही दूसरी ओर शासन की योजनाओं का संचालन करने वाले अधिकारियों की कार्य करने की भूमिका सामने आने से नही चूक पा रही है? क्योंकि जिन बच्चों को इस उम्र में स्कूलों में जाकर शिक्षा ग्रहण करना चाहिए थी, वह मासूम बच्चें अपने पेट की खातिर रस्सी पर चलते हुए अपने जान को खतरे में डालते हुए देखे जा रहे है? इस बात की सच्चाई इस समय नगर में जहां तहां आसानी से देखने मिल सकती है जहां पर यह मासूम सर्कस नुमा नौटंकी का खेल दिखाते अपना पेट पालने के लिये मजबूर देखे जा रहे है? बताया जाता है कि बाहर से आये हुए कुछ लोगों द्वारा जहां लोगों का मनोरंजन करने तथा अपना व अपने बच्चों का भरण पोषण करने के लिए मासूम बच्चों को रस्सी पर चलाकर अनेक प्रकार के कर्तव्य दिखाये जा रहे है जिन्हें लोग देखते हुए जहां ताली बजाकर सबासी प्रदान कर रहे है। वही दूसरी ओर इस प्रकार से ताली बजाने वालों की भीड़ में मासूमों का जीवन संभारने का जिम्मा निभाने वाले वह अधिकारी भी नजर आते है। इस सबको देखकर यह सबाल पैदा होने से नही चूक पाता है कि यदि शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का यदि सही तरीके से संचालन हो रहा होता तो शायद इन मासूम बच्चों को इस तरह अपनी जिन्दगी दांव पर लगाते हुये पेट पालने के लिये मजबूर न होना पड़ता?



# भारतीय संविधान के मूल्यों और सिंद्वांतों का प्रचार किया जायेगा

**हरिभूमि न्यूज डिंडोरी।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार संविधान गौरव अभियान भारतीय संविधान के 75वर्ष पूर्ण होने के उत्सव स्वरूपी अभियान है। इस अभियान के माध्यम से भारतीय संविधान के मूल्यों और सिंद्वांतों का प्रचार किया जायेगा और संविधान के शिल्पकार मा. डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी को श्रद्धांजली दी जायेगी। इसी कड़ी मे भारतीय जनता पार्टी जिला डिण्डौरी के द्वारा संयुक्त मोर्चा अजा मोर्चा, अजजा मोर्चा एवं युवामोर्चा के जिला व मण्डल पदाधिकारियों की बैठक आहुत की गई जिसमें सभी मंचासीन अतिथियो के द्वारा भारत माता, पं. दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के तेलीय चित्र पर माल्यार्पण, तिलक वंदन कर बैठक की शुरूआत की गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिला महामंत्री व कार्यक्रम संयोजक जयसिंह मरावी ने बताया कि आगामी 20 जनवरी को जिला कार्यालय मे संविधान गौरव अभियान के अन्तर्गत वृहद जिला संगोष्ठी का आयोजन किया जायेगा जिसमे हर वर्ग वरिष्ठजन, प्रबुद्वजन, शिक्षाविद्, वकील एवं समाजसेवी मौजूद रहेगे। इसके साथ ही हमें महाविद्यालयों मे संविधान से संबंधित निबंध भाषण प्रतियोगिता का आयोजन करना है जिसके लिए युवमोर्चा की सम्पूर्ण टीम मिलकर करायेगी। साथ ही 25 जनवरी को मण्डल स्तर एवं अन्य स्थानों मे चैपाल इत्यादि करना है। उक्त कार्यक्रम के वीडियो फोटोग्राफ सोशल मीडिया मे अपलोड़ भी करना है। बैठक को संबोधित करते हुए अजजा मोर्चा प्रदेश महामंत्री पंकज सिंह तेकाम ने कहा संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी इस बैठक मे संविधान गौरव अभियान को लेकर उपस्थित हुए है। हमारी केन्द्र व राज्य सरकार के द्वारा लगातार संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी का मेमोरियल एवं मूर्ति स्थापित कराकर उनको सम्मान दी है पिछले 10 साल देश की जनता ने जो भारतीय जनता पार्टी सरकार को सेवा करने का मौका दिया है। उस हमारे निर्णयों की प्रक्रिया को देखेंगे, तो भारत की एकता को मजबूती देने का निरंतर हम प्रयास करते रहे हैं। आर्टिकल 370 देश की एकता में रुकावट बन पड़ा था, दीवार बन पड़ा था। देश की एकता हमारी प्राथमिकता थी जो कि हमारे संविधान के भावना थी और इसलिए धारा 370 को हमने जमीन में गाड़ दिया। क्योंकि देश एकता हमारी प्राथमिकता है। वहीं बैठक को संबोधित करते हुए नवनियुक्त जिलाध्यक्ष चमरूसिंह नेताम ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के केन्द्रीय नेतृत्व के आव्हान एवं प्रदेश नेतृत्व के निर्देशन पर संविधान गौरव अभियान का कार्यक्रम हम सभी को व्यापक रूप से करना है। विश्व के सबसे महान और विशाल लोकतंत्र की यात्रा, इसके मूल में हमारे संविधान निर्माताओं की दिव्य दृष्टि हमारे संविधान निर्माताओं का योगदान और जिसको लेकर के आज हम आगे बढ़ रहे हैं,आजादी के बाद एक तरफ संविधान निर्माता के दिल दिमाग में एकता थी। लेकिन आजादी के बाद विकृत मानसिकता के कारण या स्वार्थवश अगर सबसे बड़ा प्रहार हुआ तो देश की एकता के मूल भाव पर प्रहार हुआ। विविधता में एकता यह भारत की विशेषता रही है। लेकिन गुलामी की मानसिकता में पले बढ़े लोगों ने, भारत का भला न देख पाने वाले लोगों ने और जिनके लिए हिंदुस्तान 1947 में ही पैदा हुआ, जो धारणा बनी थी, उनके लिए वो विविधता में विरोधाभास ढूंढते रहे। इतना ही नहीं विविधता के इस अमूल्य खजाना है हमारा उसको सेलिब्रेट करने के बजाय उस विविधता में ऐसे जहरीले बीज बोने के प्रयास करते रहे ताकि देश की एकता को चोट पहुंचे। हम सभी इस अभियान को जिला एवं मण्डल के विभिन्न स्थानों मे करेगें ताकि इस संविधान गौरव अभियान के बारे मे अधिक से अधिक लोगों तक संविधान के प्रति सजगता आ सकें। बैठक को अजजा मोर्चा जिलाध्यक्ष महेश सिंह धुमकेती व अजा मोर्चा जिलाध्यक्ष परसराम नागेश ने भी संबोधित किया। उक्त कार्यक्रम का संचालन युवामोर्चा जिलाध्यक्ष राकेश सिंह परस्ते व आभार अजजा मोर्चा जिलामहामंत्री जे.एस.मरकाम ने व्यक्त किया। उक्त बैठक मे प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नरेन्द्रसिंह राजपूत, जिला कोषाध्यक्ष स्कंद चैकसे, जिला कार्यालयमंत्री पुनीत जैन, जिला सोशल मीडिया संयोजक पवन शर्मा, सह संयोजक अविनाश सैनी, आई.टी.संयोजक राहुल पाण्डेय, मण्डल अध्यक्ष आशीष वैश्य, पूर्व मण्डल अध्यक्ष लक्ष्मणसिंह ठाकुर, बोधराम सरैया, गजेन्द्र सिंह करचाम, प्रीतम सिंह यादव, जियालाल झारिया, डॉ.शंकर गवले, संदीप तेकाम, कार्तिकराम उददे, आतम सिंह धुर्वे, धीरेन्द्र चक्रवर्ती, नंदकिशोर उचेहरा, दिनेश सोनी, चेतराम मार्को, सम्पत सिंह धुर्वे, कृष्णकुमार मरावी, शीतल सुरजे, संतोष मार्को, कैलाश मरावी, प्रवीण बर्मन, रामकुमार अहिरवार, सौरभ सोनी, बलराम सिंह राठोर, श्यामलाल सैयाम, सहित पदाधिकारी व कार्यकर्तागण मौजूद रहें।





# कलेक्टर ने पाटनगढ़, सुनपुरी में मनरेगा के कार्यों का किया निरीक्षण

**हरिभूमि न्यूज डिंडोरी।** कलेक्टर हर्ष सिंह ने शुक्रवार को पाटनगढ़ सुनपुरी में मनरेगा के तहत किये जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने मनरेगा मद से निर्मित मछली उत्पादन के लिए निर्मित तालाब का निरीक्षण किया, जिसमें बताया गया कि 3.50 लाख रूपये की लागत से तालाब का निर्माण किया गया है, जिसमें 12 महीने पानी उपलब्ध कराया जा रहा है साथ ही रोहू, कतला, मृगल आदि मछली का उत्पादन किया जा रहा है। कलेक्टर ने मत्स्य विभाग से मछली उत्पादन सम्बंधित प्रशिक्षण, बीज आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कंटूर ट्रेंचिंग में सीताफल की खेती करने के साथ ही कम पानी की खपत करने वाले पौधों को लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने 15वें वित्त की राशि के तहत पानी की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के लिए सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर सिंह ने पाटनगढ़ में मनरेगा के तहत निर्माण किये गए अन्य तालाबों का निरीक्षण करते हुए सौंदर्यकरण करने और स्वच्छ रखने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत अनिल कुमार राठौर, एसडीएम बजाग सुश्री भारती मेरावी सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने उप तहसील कार्यालय का किया निरीक्षण

**हरिभूमि न्यूज डिंडोरी।** कलेक्टर हर्ष सिंह ने आज उपतहसील कार्यालय करंजिया का निरीक्षण किया। उन्होंने राजस्व महाअभियान 3.0 की कार्यप्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने तहसील आए आवेदकों से चर्चा कर फार्मर रजिस्ट्री और आधार से आरओआर लिकिंग की कार्यवाही को संबंधित अधिकारियों से करवाया। उन्होंने राजस्व महाअभियान 3.0 में तकनीकी पहलुओं के बारे में जानकारी ली। जिसमें राजस्व महाअभियान, नामांतरण, नक्शा तरमीम, बंटवारा सहित अन्य राजस्व मामलों का अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों को प्रकरण फाइल पर त्वरित कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत अनिल कुमार राठौर, एसडीएम बजाग सुश्री भारती मेरावी, नायब तहसीलदार करंजिया भीमसेन पटेल सहित अन्य राजस्व अधिकारी मौजूद रहे।

### श्रीमती नैना शुक्ला के निधन पर महासभा ने दी श्रद्धांजलि



**अनूपपुर।** नगर के युवा पत्रकार राजकुमार शुक्ला की माता का लगभग 80 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। नगर के वार्ड क्रमांक 11 निवासी शिवकरण प्रसाद शुक्ला की धर्मपत्नी श्रीमती नैना शुक्ला का 12 जनवरी की रात्रि लगभग 1.30 बजे निधन हो गया है। जिनका अंतिम संस्कार सोन नदी मुक्तिधाम अनूपपुर में किया गया, ज्ञात हो कि वो सुनील शुक्ला (पप्पू), पत्रकार राजकुमार शुक्ला (लल्ला) व जिला न्यायालय अनूपपुर में कार्यरत स्टेनो जितेंद्र शुक्ला की पूज्यनीय माता हैं। उनके निधन की खबर से सर्वत्र शोक की लहर व्याप्त हो गई। आर्यावर्त ब्राह्मण महासभा के द्वारा शोक संवेदना व्यक्त करते हुए ईश्वर से प्रार्थना की गई है कि मृत आत्मा को अपने चरणों में स्थान देवें और शोकाकुल परिवार को इस दुख को सहने की शक्ति प्रदान करें।

### अनूपपुर बस स्टैंड एवं सामतपुर तिराहा में किया गया जागरूकता कार्यक्रम



**अनूपपुर।** ट्रैफिक पुलिस एवं नेहरू युवा केंद्र के छात्रों के साथ बस स्टैंड अनूपपुर एवं सामतपुर तिराहे पर वाहन चालको एवं आम जन को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए बताया गया कि वाहन चलाते समय हमेशा गति सीमा का ध्यान रखें ब्रेकिंग डिस्टेंस रखे एवं ओवरटेक करते समय सावधानी पूर्वक ओवरटेक करें सवारियों को हमेशा बाई तरफ से ही उतारे बस या ऑटो को बीच रोड पर खड़ा करके सवारी न उतरे। दो पहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट का उपयोग करें, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग करें यातायात के सभी नियमों का पालन करते हुए वाहन चलाएं।

### सर रिसोर्ट एण्ड फन सिटी का शुभारंभ आज

**अनूपपुर।** अनूपपुर जिले का पहला सर रिसोर्ट एण्ड फन सिटी का शुभारंभ आज 18 जनवरी को अनूपपुर जिले के कलेक्टर आईएएस हर्षल पंचोली के गरिमामयी उपस्थिति मे रिसोर्ट के संचालक रहीस खान ने बताया कि पूर्व मे कुछ कागजी कार्यवाही अधूरी होने के कारण रिसोर्ट प्रारंभ करने मे समय लगा है। 18 जनवरी से शासन की सभी नियमों का पालन करते हुये रिसोर्ट का शुभारंभ अनूपपुर जिले के ग्राम पंचायत सकरा अमरकंटक रोड पर प्रारंभ होने जा रहा है।

### जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश परीक्षा 18 को

**कटनी।** जवाहर नवोद्य विद्यालय बडवारा की कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा -2025 का आयोजन 18 जनवरी, को प्रातः 11 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक जिले के समस्त विकासखण्डों के 16 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित होगी। परीक्षार्थी परीक्षा प्रारम्भ होने के समय से 1 घण्टे पूर्व (प्रातः 10.00 बजे) परीक्षा केन्द्रों पर प्रवेश पत्र एवं प्रवेश पत्र मे उल्लेखित किए गये पहचान पत्रों के साथ संबंधित परीक्षा केन्द्र में उपस्थित होवें।

# हर्रा स्कूल में नौनिहालों से धुलवा रहे थाली?






**डिंडोरी।** विकास खण्ड बजाग अंतर्गत शासकीय प्राथमिक विद्यालय हर्रा का मामला सामने आया है, जहां नौनिहालो से जूठे बर्तन धोते हुए सोशल मीडिया में नजर आ रहे हैं, अभिभावक अपने बच्चों को सरकारी स्कूल में पढ़ने के लिए इसलिए भेजता है कि बच्चो को अच्छी शिक्षा प्राप्त कर काबिल बना सकें। लेकिन सरकारी स्कूलों में नौनिहालों की स्थिति दयनीय नजर आ रही है, यहां बच्चों से खाने के बर्तन धुलवाए जाते हैं. वीडियो में देखा जा रहा है कि छोटे छोटे बच्चे लाइन लगाकर हैंडपंप पर खाने के बर्तन धो रहे हैं, बच्चों द्वारा बर्तन धोने का वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। उच्च शिक्षा अधिकारियों ने आदेश जारी किया है कि कोई भी स्कूलो में बच्चों से किसी भी प्रकार का कार्य नही कराया जाएगा, लेकिन संस्था प्रमुख के लापरवाही के कारण विद्यालयों में बच्चों से लगातार बर्तन धुलवाया जा रहा हैं।

# डिंडौरी क्लस्टर में आयोजित जनकल्याण शिविर में शामिल हुए विधायक





**डिंडोरी।** मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत जनशिविरों का आयोजन निरंतर किया जा रहा है। इसी क्रम में आज शुक्रवार को डिंडोरी जनपद पंचायत के तहत ग्राम पंचायत चोरामाल, बरगई, गनेशपुर, नरिया और नूनखान में शिविरों का आयोजन किया गया। डिंडोरी क्लस्टर में आयोजित जनशिविर शहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे के मुख्य आथित्य में संपन्न हुए। विधायक ओम प्रकाश धुर्वे ने कन्या पूजन कर जनशिविर का शुभारम्भ किया, इस दौरान क्षेत्रीय कलाकारों ने गुदुम बाजा की प्रस्तुति दी। विधायक ने ग्राम पंचायत चैरामाल में 15वें के तहत नाली निर्माण कार्य, ग्राम पंचायत बरगई में परकोलेशन टैंक, ग्राम पंचायत गणेशपुर में तालाब निर्माण कार्य, ग्राम पंचायत नुनखान में परकोलेशन टैंक का भूमिपूजन एवं ग्राम पंचायत नरिया में प्राथमिक शाला बरबसपुर और शर्मापुर का लोकार्पण किया। इस दौरान विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने अपने सम्बोधन में कहा कि मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के माध्यम से जिला प्रशासन आपके द्वार तक आपकी समस्याओं का निराकरण करने पहुंच रही है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान में युवा, महिला, किसान और गरीब वर्ग को केंद्रित कर शासन की योजनाओं को शत प्रतिशत क्रियान्वयन किया जा रहा है,उन्होंने इस अवसर पर वृद्धा पेंशन, मातृत्व वंदना योजना, पीएम किसान सम्मान निधि, संबल कार्ड, प्रसूति सहायता आदि योजनाओं के संबंध में ग्रामीणों से चर्चा की और विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया। मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत प्रशासन गाँव की ओर की अवधारणा को साकार करने के उद्देश्य से जिले में जनकल्याण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। अब तक 35 हजार से अधिक आवेदन प्राप्त हुए है, लंबित प्रकरणों पर निरंतर कार्यवाही की जा रही है। अभियान के तहत जिले की सभी ग्राम पंचायतों सहित नगर परिषद क्षेत्र में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिले में अभियान के तहत 392 शिविर आयोजित होने है, जोकि प्रतिदिन जनप्रतिनिधि और अधिकारीगणों के द्वारा संपन्न कराए जा रहे है। जनशिविर के माध्यम से नागरिकों की समस्याओं के निराकरण और राज्य व केन्द्र शासन की योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है।

# आजीविका मिशन के तहत संचालित कार्यों का किया निरीक्षण

**डिंडोरी।**



कलेक्टर हर्ष सिंह ने आजीविका भवन करंजिया का निरीक्षण किया। उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत किये जा रहे कार्यों की जानकारी ली, साथ ही उन्होंने सीसीएल, मुद्रा एवं आजीविका मिशन के तहत वितरित किए जाने वाले हितलाभ के संबंध में उपस्थित हितग्राहियों से चर्चा की। जिसमें आजीविका मिशन से सहायता प्राप्त करने वाली समूह की दीदीयों ने बताया कि समूह से जुडने के बाद उनके जीवन में बदलाव आया है। ऋण प्राप्त कर समूह की दीदीयां कियोस्क सेन्टर, सिलाई सेन्टर, राशन दुकान एवं अन्य कार्यों को करने से दीदीयों के जीवन में आर्थिक रूप से बदलाव आया है। आर्थिक गतिविधियों के सुगम संचालन से ऋण की किस्त भी समय पर चुकाई जा रहीं हैं। कलेक्टर हर्ष सिंह ने आजीविका मिशन के तहत संचालित किए जा रहे कार्यों का भी अवलोकन किया। कलेक्टर हर्ष सिंह ने करंजिया आजीविका भवन का निरीक्षण किया जिसमें समूह की दीदीयों के द्वारा गरिमा आजीविका सिलाई सेन्टर का संचालन किया जा रहा है। समूह की दीदीयों ने बताया कि सिलाई सेन्टर में सिलाई का प्रशिक्षण दिया जा रहा है जिसमें ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं कार्यरत हैं। कलेक्टर हर्ष सिंह ने जनपद पंचायत करंजिया के ग्राम टिकराटोला स्थित मसरूम सेवा केन्द्र का निरीक्षण किया। उक्त मशरूम सेवा केन्द्र का संचालन कृषि उद्यमी श्रीमती प्रेमवती तेकाम के द्वारा किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान श्रीमती प्रेमवती ने बताया कि आजीविका मिशन से वर्ष 2015 में जुडकर उन्हें सीसीएल के तहत ऋण सुविधा प्राप्त हुई, वर्ष 2023 में वे एईजी फाउंडेशन से जुडीं। प्राप्त सहयोग से श्रीमती प्रेमवती आज मशरूम की खेती कर रहीं हैं जिसमें एक माह में 50 किलाग्राम तक उत्पादन किया जा रहा है। उत्पादित मशरूम को स्थानीय बाजार में विक्रय कर लाभ प्राप्त कर रहीं है। मशरूम के अतिरिक्त श्रीमती प्रेमवती धान मिल और मछली पालन का कार्य भी कर रहीं हैं। निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत अनिल कुमार राठौर, एसडीएम बजाग सुश्री भारती मेरावी सहित अन्य सम्बंधित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# कमिश्नर ने सहायक यंत्री को किया निलंबित




**डिंडोरी।** कमिश्नर जबलपुर संभाग अभय वर्मा ने सहायक यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, उपखण्ड शहपुरा राजेश गौतम को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन आदेश में उल्लेखित है कि विकासखण्ड शहपुरा के ग्राम पिपरिया कला, बड़झर, अमठेरा, छीरपानी, चंदवाही एवं इन्दौरी में 04 जनवरी 2025 को मुख्यमंत्री जन कल्याण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था, जिसमें सहायक यंत्री राजेश गौतम बिना सूचना के अनुपस्थित रहे, जिसके कारण उनके विभागीय योजनाओं के प्रचार प्रसार एवं जन शिकायतों का निराकरण नहीं हो सका। कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड डिण्डौरी के द्वारा पत्र माध्यम से सहायक यंत्री राजेश गौतम को कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया था। कार्यपालन यंत्री के द्वारा निर्देशित करने के बाद भी सहायक यंत्री गौतम स्वेच्छाचारिता पूर्वक उक्त कार्यक्रम में अनुपस्थित रहे। कार्यपालन यंत्री के द्वारा बिना अनुमति के मुख्यालय से बाहर नहीं जाने के लिये उन्हें सचेत भी किया गया है, किन्तु उनकी आदत में कोई सुधार परिलक्षित नहीं हुआ है। कलेक्टर डिंडौरी द्वारा सहायक यंत्री राजेश गौतम को निलंबित किया जाना प्रस्तावित किया गया है सहायक यंत्री राजेश गौतम का उपरोक्त कृत्य मध्य प्रदेश सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम-3 के विपरीत होकर कदाचरण की श्रेणी में आता है। पदीय कर्तव्य के निर्वहन में स्वेच्छाचारिता बरतने एवं अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने के कारण कमिश्नर ने सहायक यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, उपखण्ड शहपुरा राजेश गौतम को मध्य प्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के नियम-9 के प्रावधानों के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय कार्यालय कलेक्टर डिण्डौरी नियत किया गया है। सहायक यंत्री राजेश गौतम को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता रहेगी।

## वाहन दुर्घटनाओं को रोकने सुरक्षा के सभी आवश्यक प्रबंध किए जाएं- कलेक्टर


**अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली ने वाहन दुर्घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए जिले के ब्लैक स्पॉट एवं दुर्घटना संभावित क्षेत्र के चिन्ह्यांकन के अनुरूप सड़क सुरक्षा के आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश निर्माण विभाग के अधिकारियों को दिए हैं कलेक्टर हर्षल पंचोली कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में सड़क सुरक्षा की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में पुलिस अधीक्षक मोतिउर रहमान, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा, अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इसरार मंसूरी, जिले के सभी अनुविभागीय दंडाधिकारी, जिला परिवहन अधिकारी सुरेंद्र गौतम, यातायात प्रभारी श्रीमती ज्योति दुबे, कोतवाली अनूपपुर प्रभारी अरविंद जैन, निर्माण विभागों के अधिकारी, ग्रामीण एवं नगरीय निकायों के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर हर्षल पंचोली ने कहा कि ब्लैक स्पॉट व संभावित दुर्घटनाग्रस्त क्षेत्र में सुरक्षा मानक के बेहतर प्रबंध किए जाएं। उन्होंने पोडकी तिराहा, बदरा तिराहा, निगवानी चौराहा, तुलरा चौराहा (करनपठार) कलेक्ट्रेट एवं जिला पंचायत के प्रवेश द्वार तथा ग्राम परसवार मोड, पसला ढाबा के पास, बाबा कुटी के पास, ग्राम बकेली के हाई स्कूल के पास, केशवाही चौराहा कोतमा में आवश्यक सुधार कार्य के निर्देश दिए उन्होंने कहा कि ब्लैक स्पॉट तथा संभावित दुर्घटना क्षेत्र में स्पाट साइन बोर्ड, ब्रेकर, रोड स्टड,रम्बल स्ट्रिप ब्रेकर, मोड पर लगी झाड़ियां को हटाने, जरूरी स्थान पर प्रकाश व्यवस्था, कर्व पर रोड स्टडस लगवाने, निर्माण विभाग को निर्देशित किया है कलेक्टर ने कहा कि यह कार्य संबंधित अनुविभागीय दंडाधिकारियों से समन्वय कर कराया जाए। साथ ही सड़क मार्गो को प्रभावित करने वाले अतिक्रमण को हटाया जाए। बैठक में सड़क सुरक्षा के संबंध में यातायात प्रभारी श्रीमती ज्योति दुबे ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से जानकारी दी

# प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन जिला शाखा की बैठक कल

**हरिभूमि न्यूज डिंडोरी।** प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन के प्रांतीय संगठन सचिव सह जिलाध्यक्ष राम गोपाल तिवारी संभागीय उपाध्यक्ष प्रकाश नारायण अवस्थी तथा महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष श्रीमती कुंवरिया मरावी के अनुसार दिनांक 19 जनवरी रविवार को दोपहर 12 बजे से जिला शाखा की नववर्ष की प्रथम बैठक विकास खण्ड मुख्यालय में आयोजित की जा रही है।संगठन के कार्य कारी जिलाध्यक्ष विनोद अवधिया, महामंत्री राम मूरत सिंह ठाकुर, जिला सलाहकार मथुरा प्रसाद धुर्वे प्रीतम प्रसाद शुक्ला,कोषाध्यक्ष राज नारायण दीक्षित सहकोषाध्यक्ष गुरु प्रसाद मिश्रा, जिला प्रवक्ता केशव प्रसाद पाण्डेय तथा अनिल श्रीवास्तव जिला उपाध्यक्ष सुश्री सावित्री नामदेव श्रीमती भागवती मरकाम श्रीमती कीर्ति कछवाहा, श्याम लाल साहू, बी एम शुक्ला, तहसील अध्यक्ष सुरेंद्र महदेल, तहसील कार्यकारी अध्यक्ष प्रकाश चन्द्र चौरसिया, कोषाध्यक्ष सीता राम श्रीवास्तव, सचिव प्रेम लाल झारिया ब्लाक अध्यक्ष राजेंद्र ठाकुर सचिव सीता राम पाण्डेय तथा उमेश धर बडगैंया के अनुसार विकास खण्ड मेंहदवानी के अध्यक्ष श्री धनीराम साहू की मेजबानी में नंदनी पब्लिक स्कूल, मेहदवानी में आयोजित उक्त बैठक में संगठन का 10 फरवरी को प्रस्तावित वार्षिक सम्मेलन की रूपरेखा एवं जिला मुख्यालय में आने वाले राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस के कार्य क्रम की चर्चा की जाएगी। ठंड को देखते हुए मेजबानों द्वारा सर्व प्रथम भोजन की व्यवस्था की गई है तत्पश्चात बैठक आहूत की जाएगी। अतः समस्त पदाधिकारियों से निवेदन है कि समय का ध्यान रखते हुए निर्धारित समय में पधारकर बैठक को सफल बनाने का कष्ट करें ।

# मप्र जन अभियान परिषद मेंहदवानी के द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

**मेंहदवानी** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद मेंहदवानी अंतर्गत नवांकुर संस्था दढरा टोला सरसा के सेक्टर क्रमांक 03कठौतिया ग्रामपंचायत चिरपोटी पोषक ग्राम घुघरा टोला किकरकुड में गुरुवार 16जनवरी को प्रातः 10 बजे से ग्राम उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया है जिसमें गांव के लोगों को दो भागों में बांटकर कर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित किया गया जैसे भारतीय परंपराओं को ध्यान में रखते हुए भारत माता एवं धार्मिक स्थल किकर कुंड के महादेव के पूजन अर्चन के पश्चात कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताएं एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए। सांस्कृतिक कार्यक्रम में रीना शैला नृत्य, खेल कूद प्रतियोगिता में रस्सा कसी, जलेबी दौड़, बालीबाल, कब्बड्डी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंत में करमा नृत्य करते हुए अतिथियों का स्वागत किया गया एवं अतिथियों के द्वारा सभी विजेता टीम को प्रमाण पत्र एवं राशि देकर उत्साह वर्धन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा मंडल मेंहदवानी के मंडल अध्यक्ष श्री सुदामा बर्मन एवं श्री दुर्गाश साहू जनपद सदस्य, सरपंच उज्जन सिंह मसराम सचिव श्री गेंद सिंह मरावी गांव के मुकद्दम श्री भगगन सिंह धुर्वे महत्मा श्री जमा प्रसाद महराज ग्राम पंचायत के समस्त जनमानस महिला पुरुष बच्चे बूढ़े सभी वर्ग के द्वारा एवं विकास खंड समन्वयक श्रीमती सुशीला ठाकुर मेहदवानी मेंटर श्री निर्मल मरकाम श्री चिरोंजी बंसल श्री देवेश धनंजय नवांकुर संस्था से श्री जागेश्वर मरावी श्री जीतेन्द्र परते सभी का बहुत ही सराहनीय सहयोग रहा अंत में समरसता भोज प्राप्त कर कार्यक्रम सफ़ल रहा।





# वृद्धाश्रम अनूपपुर में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासंघ ने बांटे तिलकुट

**अनूपपुर।** वृद्धाश्रम अनूपपुर में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासंघ अनूपपुर द्वारा मकर संक्रांति पर्व पर कंबल, मिठाई और तिली के लड्डू तिलकुट बांट कर एक छोटा सा प्रयास बुजुर्गों के लिए करने का और उनके दिल में हर्ष और उमंग जगह प्रेम पूर्वक कार्यक्रम सभी बहनों के सहयोग से संपूर्ण हुआ साथ साथ अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त लेखक उदय प्रकाश दाऊ साहब से सौजन्य भेंटवार्ता की। शाल और मिठाई देकर मकर संक्रांति की हार्दिक शुभकामनाएं दी तथा आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष श्रीमती मीना सिंह, जिला संरक्षिका श्रीमती कुमकुम सिंह बघेल, श्रीमती मंजुला सिंह बघेल, श्रीमती मनीषा राजपूत, श्रीमती आशिमा सिंह एवं सदस्य रंजीता सिंह सहसचिव मनोरमा सिंह का सहयोग और उपस्थित के लिए सभी को जिला अध्यक्ष अनूपपुर श्रीमती मीना सिंह ने बहुत-बहुत आभार व्यक्त किया तथा सभी को मकर संक्रांति की बधाई दी।



## खबर संक्षेप

### जवाहर नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा आज

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** जवाहर नवोदय विद्यालय चयन प्रवेश परीक्षा सत्र 2025 का आयोजन शनिवार 18 जनवरी को प्रातः 11.30 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक जिले के 15 शासकीय व मान्यता प्राप्त परीक्षा केन्द्रों पर अयोजित की जायेगी। इस वर्ष चयन प्रवेश परीक्षा में कुल 5 हजार 35 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा में भाग लेने वाले विद्यार्थियों से कहा गया है कि वे 30 मिनट पहले प्रवेश पत्र के साथ केंद्र पर पहुंच जायें। यह जानकारी प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय बोहानी नरसिंहपुर ने दी है।

### एनएसईआईटी परीक्षा हेतु पूर्व ऑथोरिटी अनिवार्य

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** आधार रजिस्ट्रार एमपीएसईडीसी के अंतर्गत आधार कार्य करने के इच्छुक आवेदकों को आधार सर्टिफिकेशन एनएसईआईटी परीक्षा में सम्मिलित होने के पूर्व अथॉरिटी लेटर प्राप्त करना अनिवार्य है। जिले के समस्त एमपीएसईडीसी के अंतर्गत आधार कार्य करने के इच्छुक आवेदक कलेक्टर कार्यालय नरसिंहपुर के कक्ष क्रमांक 58 में स्थित ई- गवर्नेंस कार्यालय में अथॉरिटी लेटर के लिए आवेदन दे सकते हैं। इस परीक्षा में वे ही योग्यता धारक आवेदन कर सकते हैं, जिन्होंने 12 वीं या 2 वर्ष आईटीआई (102) या 3 वर्ष डिप्लोमा (103) और आवेदक का कोई आपराधिक रिकॉर्ड न हो। अथॉरिटी लेटर प्राप्त करने के लिए आवेदक को आवेदन के साथ आधार कार्ड व एजुकेशन क्वालिफिकेशन दस्तावेज की फोटोकॉपी, फोटो सहित अथॉरिटी लेटर व नवीन पुलिस चरित्र सत्यापन प्रस्तुत करना होगा। उक्त अथॉरिटी लेटर केवल यूआईडीएआई द्वारा आयोजित एनएसईआईटी परीक्षा में सम्मिलित होने की पात्रता देता है। यह लेटर आधार केंद्र संचालित करने की अनुमति या पुष्टि नहीं करता है। यह जानकारी नोडल अधिकारी आधार नरसिंहपुर ने दी है।

### राजस्व मंत्री का आगमन आज

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** प्रदेश के राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा शनिवार 18 जनवरी को नरसिंहपुर आयेंगे। जारी दौरा कार्यक्रम के अनुसार शनिवार 18 जनवरी को तड़के 3.05 बजे नरसिंहपुर आयेंगे और सर्किट हाऊस में रात्रि विश्राम करेंगे। इसके बाद प्रात 9 बजे नरसिंहपुर से सिवनी के लिए प्रस्थान करेंगे। तदुपरांत सायं 4.30 बजे सिवनी से नरसिंहपुर के लिए प्रस्थान कर सायं 6 बजे सर्किट हाऊस नरसिंहपुर आयेंगे। इसके बाद मंत्री श्री वर्मा 6.30 बजे नरसिहपुर से भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।



# माथा टेक कर मांगी मुराद, बप्पा हरेंगे संकट

## श्री गणेश देव स्थानम सिद्धपीठ में लगा मेला

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** बीते बर्षों की भांति गत दिवस भी ऐतिहासिक श्री गणेश देवस्थानम् सिद्धपीठ में तिल संकटा चतुर्थी पर भगवान सिद्धि विनायक का विशेष पूजन अर्चन अभिषेक हुआ। प्रतिवषार्नुसार इस वर्ष भी एक दिवसीय मेला भी आयोजित हुआ। वहीं क्षेत्र सहित दूर-दराज से आने वाले भक्तजनों ने विशेष तौर पर तिल के लड्डुओं सहित विभिन्न प्रकार के पकवानों का भोग भी अर्पण कर भगवान के समक्ष माथा टेका व मन्नत मांगी। भक्तों द्वारा भगवान विघ्न विनाशक को विशेष तौर पर तिल के लड्डुओं सहित विविध पकवानों को भोग लगाया गया।





**तिल संकट चतुर्थी पर हुई विशेष पूजा-पाठ**

### फहराई गई धर्म ध्वजा

मंदिर के व्यवस्थापक पं शैलेष पुरोहित ने बताया कि सूर्योदय के तुरंत बाद वेद मंत्रों के बीच विनायक सरकार का पावन अभिषेक, आरती व महाप्रसाद वितरण हुआ। उल्लेखनीय है सिद्वपीठ के संस्थापक स्वर्गीय पं कृष्णकुमार पुरोहित के मार्गदर्शन में उक्त आयोजन तीस वर्षो पहले शुरू किया गया था। जिसका पावन उद्देश्य महर्षि वेद व्यास के सांसारिक सार सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे संतु निरामया को लेकर भगवान के भक्तों के भय, रोग, चिन्ता मुक्ति का रहता है। इस अवसर पर धर्मध्वजा भी फहराई तथा जनकल्याण की कामना की गई।



### मेले में हुई जमकर खरीददारी

मंदिर परिसर में आयोजित मेले में हर वर्ग के लोगों के जमकर खरीददारी की तथा झूलों व चाट पकवानों का आनंद लिया। देर रात तक मेले व मंदिर में नागरिकों का आना-जाना लगा रहा। मेले में पुलिस प्रशासन की बेहतर सुरक्षा व्यवस्था रही। वहीं नगर पालिका प्रशासन ने भी पूर्व में ही साफ-सफाई बिजली व्यवस्था आदि की थी। वही नचिकेता विद्यापीठ के छात्र-छात्राओं ने भी पूरे दिन व्यवस्था में सहयोग किया। सिद्वी विनायक आरती मंडल के सदस्यों ने सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया है। आयोजन में किशन गुप्ता (सेठजी) संजय जैन, नीलेश जाट, जय मिश्रा, आशीष सोनकिया, आनंद भारद्वाज, शिवेंद्र शर्मा, बुद्धि प्रसाद विश्वकर्मा, राहुल व रोहित मेहरा, पप्पू पटेल, अन्नीलाल प्रजापति, पवन नेमा, मोहित सराठे, आकाश रजक, सुरेश पटैल, सौरभ नोरिया, हर्षित विश्वकर्मा, संजय व योगराज महोबिया ने समस्त सहयोगियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

## काया कल्प टीम ने किया अस्पताल का निरीक्षण



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस कायाकल्प की तीन सदस्यीय टीम ने जिला अस्पताल का निरीक्षण किया। टीम में जबलपुर से ज्वाइंट डायरेक्टर डॉ. संजय मिश्रा, मंडला से डॉ. शरद मेश्राम और कटनी से डॉ. श्वेता विश्वकर्मा शामिल थे। टीम ने मेटरनिटी वार्ड, गहन शिशु चिकित्सा इकाई और किचन सहित सभी विभागों का बारीकी से निरीक्षण किया। मरीजों के भर्ती, इलाज, रेफरल और जांच से जुड़े रिकॉर्ड को भी जांचा। निरीक्षण के दौरान प्रबंधन में कई कमियां पाई गईं, जिस पर टीम ने नाराजगी जताई। टीम ने अस्पताल प्रबंधन को महत्वपूर्ण निर्देश दिए। प्रबंधक और सहायक प्रबंधकों को नियमित रूप से अस्पताल का राउंड करने को कहा गया। नर्सिंग स्टाफ के नियमित प्रशिक्षण पर विशेष जोर दिया गया। दिनभर के निरीक्षण के बाद आयोजित बैठक में कई जिम्मेदार चिकित्सकों की अनुपस्थिति पर भी टीम ने नाराजगी व्यक्त की। निरीक्षण के दौरान प्रभारी सिविल सर्जन डॉ. देवेंद्र रिपुदमन सिंह, डॉ. रिचा मिश्रा, डॉ. धीरज यादव समेत कई वरिष्ठ चिकित्सक और स्टाफ मौजूद रहे।

### 88 लोगों का किया गया परीक्षण

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत जिले की ग्राम पंचायतों व नगरीय निकायों में क्लस्टर के अनुसार शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान निक्षय 100 दिवसीय अभियान के अंतर्गत लोगों की टीबी की जांच भी की जा रही है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत जनपद पंचायत चीचली की ग्राम पंचायत रातीकरार में आयोजित शिविर में आने वाले ग्रामीणों को निःशुल्क टीबी की जांच की गई। इस दौरान 88 लोगों का एक्स- रे किया गया।



## सड़क दुर्घटना में 5 घायल

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस थाना क्षेत्र सुआतला के देवरी गांव के पास सड़क दुर्घटना कार खाई मे उतरकर पलट गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार डायल 100 के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि सड़क दुर्घटना में कार पलट गई जिसमें सवार 5 लोग घायल हो गये। जानकारी मिलते ही डायल 100 द्वारा मौके पर जाकर घायलों को कार से निकालकर अस्पताल पहुंचाया। घायलों मे तुलसी राम पिता छिद्दामी लाल वाल्मीक उम्र 47 वर्ष, टीशा पिता तुलसी राम वाल्मीक उम्र 21 साल, करण वाल्मीक पिता तुलसी राम वाल्मीक उम्र 25 साल, नंदिनी पति करण वाल्मीक उम्र 24 साल, रंजिता पति तुलसी राम उम्र 43 साल सभी निवासी तेंदूखेड़ा घायल हो गए थे सभी घायलों को उपचार अस्पताल में जारी है।



### कलार महिला मंडल द्वारा हल्दी कुम कुम कार्यक्रम का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** मकर संक्रांति पर नगर कलार महिला मंडल ने विगत दिवस मंडल सदस्य सरिता राय के निवास पर हल्दी कुम कुम का आयोजन किया। इस अवसर पर सरिता राय और अर्चना राय द्वारा सभी को हल्दी कुम कुम का तिलक लगाकर सुहाग सामग्री दी गई। सभी सदस्यो द्वारा हाऊजी और मनोरंजक गेम खेले गये। सरिता राय द्वारा सभी को स्वल्पाहार कराया गया।कार्यक्रम मे अर्चना राय, स्वाति जायसवाल, जयश्री राय, आरती राय, प्रतिभा राय, रत्ना राय, रेणु जायसवाल, रिंकी राय, दुर्गा राय, ज्योत्सना राय, लता राय, नेहा राय, कामिनी राय, साधना राय आदि की उपस्थिति रही।



### पिट्टू खेल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उच्च शिक्षा विभाग के खेलकूद कलैंडर में पिट्टू को महाविद्यालय खेलों में शामिल किया गया है महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी अर्पित सक्सेना द्वारा बताया गया कि यह खेल हमारे देश का पारंपरिक खेल है। पीजी कॉलेज नरसिंहपुर के क्रीड़ा विभाग द्वारा महाविद्यालय स्तरीय पिट्टू महिला पुरुष प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया जिसमें अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। प्रतियोगिता में महिला वर्ग की तीन टीम एवं पुरुष वर्ग की चार टीमों ने भाग लिया प्रतियोगिता उपरांत महाविद्यालय की टीम का चयन किया गया यह टीम जिला स्तरीय पिट्टू प्रतियोगिता में महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेगी जिला स्तरीय पिट्टू प्रतियोगिता पीजी कॉलेज नरसिंहपुर द्वारा 20 से 22 जनवरी के मध्य आयोजित कराई जाएगी इसका संभाग स्तरीय प्रतियोगिता मंडला द्वारा आयोजित कराई जाएगी।

## प्री बोर्ड के माध्यम से जानी जा रही छात्रों की तैयारी



**तेंदूखेड़ा।** लोकशिक्षण संचनालय भोपाल के निर्देशानुसार कक्षा दसवीं एवं बारहवीं की प्री बोर्ड परीक्षा सभी शैक्षणिक शालाओं में 16 जनवरी से प्रारंभ हो गई है यह परीक्षाएं सुबह 11से दोपहर 2 बजे तक आयोजित कराई जा रही है। जहां पहले दिन दसवीं के विद्यार्थियों ने हिंदी का पर्चा हल किया तो वही 17 जनवरी को कक्षा 12वीं के छात्र-छात्राओं ने टाइम टेबल अनुसार हिंदी मातृभाषा का पर्चा हल किया। प्री बोर्ड परीक्षाओं के पीछे एक मात्र उद्देश्य छात्रों की वार्षिक परीक्षा में क्या तैयारी है कहां कमजोरी है उन प्रश्नों को तैयार कराया जायेगा । कुछ ही समय पूर्व छः माही परीक्षाएं संपन्न हुई है इन परीक्षाओं में छात्रों का जो प्रदर्शन रहा है उसे दृष्टिगत भी प्री बोर्ड की परीक्षा इन छात्रों को वार्षिक परीक्षा में अच्छे परिणाम के लिए काफी मददगार साबित होंगे। साथ ही छात्रों को बोर्ड परीक्षा में मिलने वाली उत्तर कापी में जो बेसिक जानकारी रोल नंबर दिनांक आदि को भरने के लिए ओएमआर शीट का भी अभ्यास कराया जा रहा है। पेपर के उपरांत अगले दिन आयोजित होने वाले पेपर की तैयारी छात्र छात्राओं को कराई जा रही है। इस बार माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा कक्षा 12वीं की परीक्षा 25 फरवरी से एवं कक्षा दसवीं की बोर्ड परीक्षा 27 फरवरी से आयोजित कराई जाएगी। गौरतलब रहे कि जिला स्तर पर भी शिक्षा विभाग द्वारा सभी विद्यालयों के प्राचार्यों को बुलाकर उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम लाने की दिशा में निर्देश भी दिए जा चुके हैं।उसी मान से छात्रों को तैयारी भी करवाई जा रही है। विद्यार्थी भी अपने स्तर से मेहनत में जुटे हुए हैं।

## नि.शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श शिविर संपन्न

**गोटेगांव**-स्थानीय नगर के श्रीधाम हॉस्पिटल में वरिष्ठ समाजसेवी स्व.सुरेशचंद्र जैन (बापा जी)स्व. विकास जैन एवं स्व.डॉ नितिन जैन की पुण्य स्मृति में चौधरी परिवार द्वारा श्रीधाम हॉस्पिटल में विशाल निशुल्क स्वस्थ परीक्षण एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया जिसमें पंचायत मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल,क्षेत्रीय विधायक महेंद्र नागेश,पूर्व विधायक शेखर चौधरी की उपस्थिति में पं. हरिशंकर मिश्रा द्वारा पूजन अर्चन दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर में अपोलो हॉस्पिटल अहमदाबाद से पधारे हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ.सुधीर अदालती, डॉ.अखिलेश तिवारी.दीपक मिश्रा,डॉ.शैलजा गुप्ता,डॉ ए वर्मा,डॉ.राकेश कुमार ने अपनी नि.शुल्क सेवाएं प्रदान कर लाभ 400पीड़ित रोगियों का परीक्षण किया एंव उचित मार्गदर्शन प्रदान किया साथ ही श्री शंकराचार्य नेत्रालय द्वारा निशुल्क लगभग 300नेत्र रोगियों का परीक्षण किया स्वास्थ्य शिविर मे विशेष सहयोग प्रदान किया। शिविर में श्रीधाम अस्पताल के संचालक मुकेश बिलवर,रोहित बिलवार का सहयोग रहा।



## आंखीवाड़ा जल उपभोक्ता संस्था की भारती बिलवार बनी पहली महिला अध्यक्ष



**गोटेगांव**-गोटेगांव रानी अवंतीबाई लोधी सागर नहर संभाग गोटेगांव क्रमांक 1की सभी 12 जल उपभोक्ता संस्थाओं के प्रत्येक जल उपभोक्ता संस्था के अध्यक्ष का चुनाव हुआ। तहसील कार्यालय में शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न हुए।निर्वाचन अधिकारी तहसीलदार नीरज तखरया ने प्रमाण पत्र वितरण किये। जल उपभोक्ता संस्था आंखीवाड़ा की अध्यक्ष भारती प्रकाश बिलवार एवं देवनगर जल उपभोक्ता संस्था अध्यक्ष रंजीत सिंह परिहार ने जीत दर्ज की। वहीं जीते प्रत्याशियों ने कैबिनेट मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल,सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते,पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल,सरदार सिंह पटेल विधायक महेंद्र नागेश सहित समस्त जनप्रतिनिधि को श्रेय देते हुए आभार व्यक्त किया है। और कहा कि नहरों का सही रखरखाव और पारदर्शिता से काम होंगा संस्थाओ के माध्यम से सभी किसानों के खेतों तक सिंचाई का पानीं आसानी से पहुंचेगा। शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न होने पर बरगी विभाग के अधिकारियों ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यपालन यंत्री एम एस बैनल,एसडीओ बगासपुर आर आर बिसारिया, गोटेगांव एसडीओ प्रशांत त्रिपाठी सब इंजीनियर आरके धवन के नेतृत्व में जल उपभोक्ता संस्था अध्यक्ष के चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हुए।

## गोटेगांव खेड़ा में 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र की स्थापना को मिली स्वीकृति

**गोटेगांव।** जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत गोटेगांवखेडा के विकास के लिए एक अहम कदम उठाया गया है। नवीन 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र की स्थापना के प्रस्ताव को ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने मंजूरी प्रदान कर दी है। यह प्रस्ताव केंद्रीय मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल द्वारा ऊर्जा मंत्री को भेजा गया था, जिस पर तत्परता से कार्रवाई की गई। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने उक्त प्रस्ताव को तकनीकी परीक्षण के पश्चात वित्तीय वर्ष 2024-25 के राज्य बजट में शामिल करते हुए इसके लिए तीन करोड़ रुपये की स्वीकृति दी है। यह परियोजना क्षेत्र में बिजली आपूर्ति को सुदृढ़ और बेहतर बनाएगी। क्षेत्र को लंबे समय से इस सुविधा का इंतजार था, और यह उनके लिए बड़ी राहत लेकर आएगी वहीं गोटेगांवखेड़ा सरपंच प्रियंका राहुल खेमरिया सहित क्षेत्रीयजनो ने कैबिनेट मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल, और गोटेगांव विधायक महेंद्र नागेश के प्रयासों की सराहना की है। सभी ने इस उपलब्धि के लिए इन नेताओं का आभार व्यक्त किया।नवीन 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र के निर्माण से गोटेगांवखेडा और आसपास के क्षेत्रों को नियमित और निर्बाध बिजली आपूर्ति मिलेगी। यह विकास क्षेत्र में कृषि, उद्योग, और घरेलू कार्यों में सुधार लाने में सहायक होगा। इसके साथ ही, क्षेत्रीय विकास को भी गति मिलेगी।ऊर्जा विभाग द्वारा इस परियोजना को प्राथमिकता देते हुए जल्द ही निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा। इस परियोजना के पूरा होने से गोटेगांवखेडा और आसपास के क्षेत्रों में बिजली समस्याओं का समाधान होगा।

